भाकृअनुप-केमाप्रौसं में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-**केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान**, कोचिन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़ा 14-30 सितम्बर के दौरान काफी उत्साह के साथ मनाया गया। हिन्दी दिवस का शुभारंभ राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा 14 एवं 15 सितम्बर, 2024 को भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया गया। भारत सरकार के इस आयोजन में संस्थान के दोनों **राजभाषा अधिकारी डॉ.सतोष अलेक्स** एवं **डॉ.पी.शंकर** अपनी सहभागिता दर्ज की।

डॉ.जेस्सी जोसफ सी. महोदया का संबोधन

30 सितम्बर, 2024 के अपराह्न में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें, श्री **महेश भा. खुबडीकर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी** ने सभा में सभी का स्वागत किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में माननीय दिवंगत प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रथम हिंदी भाषण का स्मरण कराया तथा सभी से वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रत्येक मंच पर दिए गए हिंदी भाषण से प्रेरणा लेने का आग्रह किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ.जोर्ज नैनान,निदेशक ने संस्थान में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन को लेकर अपनी संतुष्टि प्रकट की। इस सुअवसर पर निदेशक महोदय ने सदस्य कर्मचारियों से अपने दैनिक कार्य में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने का आग्रह किया। समापन समारोह में डॉ.जेस्सी जोसफ सी.,उपनिदेशक (राजभाषा) (सेवानिवृत्त), भाकृअनुप-केमाप्रौसं, कोचिन मुख्य अतिथि थी। मुख्य अतिथि डॉ. जेस्सी जोसफ सी. ने अपने संबोधन में संस्थान के सभी श्रेणी के कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे अपने कार्यों में राजभाषा हिंदी को शामिल करें।

डॉ.जोर्ज नैनान, निदेशक का संबोधन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.जेस्सी जोसफ सी. द्वारा संस्थान में दिनांक 19.09.2024 से 27.09.2024 के बीच आयोजित हिन्दी पखवाड़ा 2024 प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए और डॉ. जोर्ज नैनान,निदेशक ने हिंदी में काम करने के लिए प्रोत्साहन योजना के तहत तीन कर्मचारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। तत्पश्चात निदेशक एवं मुख्य अतिथि महोदया द्वारा इस वर्ष की संस्थान का उत्तम राजभाषा कार्यान्वयन प्रभाग 2024 की ट्रोफी गुणता आश्वासन प्रबंधन प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष डॉ.सैनुद्दीन ए.ए., को प्रदान की गई। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया और डॉ.पी.शंकर,सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने प्रतियोगिता विजेताओं की घोषण और डॉ.संतोष अलेक्स, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।